- **20 से 22 जनवरी 2023 को 9वां <u>बर्ड फेस्टिवल</u> का आयोजन किस जिले में किया गया?**

(1) बीकानेर (2) उदयपुर
(3) कोटा (4) अलवर **(2)**

**व्याख्या–** झीलों की नगरी उदयपुर में पक्षियों का महोत्सव यानी बर्ड फेस्टिवल 20 जनवरी 2023 से प्रारम्भ हुआ। उदयपुर बर्ड फेस्टीवल का आयोजन 9वीं बार किया जा रहा है। यह एक ऐसा आयोजन है, जिसे आप न सिर्फ देख सकते हैं बल्कि इसमें भाग भी ले सकते हैं। बनाई गई टीमों में शामिल होकर बर्ड रेस का हिस्सा भी बन सकते हैं।

- **खिलाड़ियों की चोट ग्रस्त होने के बाद मदद करने के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् ने <u>एबीएफटी कंपनी</u> के साथ समझौता किया है। यह किस खिलाड़ी की कम्पनी है?**

(1) रोहित शर्मा (2) अभिनव बिंद्रा
(3) सचिन तेंदुलकर (4) विराट कोहली **(2)**

- **राजस्थान सरकार ने राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2015 की कार्यशील अवधि को कब तक बढ़ाया है?**

(1) 31 दिसम्बर 2023 (2) 31 मार्च 2024
(3) 1 जनवरी 2026 (4) 6 जून 2023 **(2)**

**व्याख्या–**




यह डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों सहित देश-विदेश के ट्रैवल एजेंटों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा. राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर राजस्थान पर्यटन इकाई नीति-2015 की कार्यशील अवधि को 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है।


- **अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर 2023 में कौनसे उर्स की शुरुआत हुई?**

(1) 786वें (2) 808वें
(3) 811वें (4) 820वें **(3)**

- **13 से 15 जनवरी 2023 को <u>अन्तर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव, बीकानेर</u> में मिस्टर बिकाणा का खिताब किसने जीता?**

(1) श्यामसुंदर स्वामी (2) सुंदर राठौड़
(3) भरत बोहरा (4) रविन्द्र जोशी **(4)**

**व्याख्या–**



मिस मरवण-कोमल सिद्ध
मिस्टर पोकरण 2022- भरत बोहरा
सुंदर राठौड़ ने 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबुरी का डिजाइन तैयार किया।

- **15 जनवरी 2023 को किस विभाग द्वारा <u>हवामहल फैस्टिवल</u> का आयोजन किया गया?**

(1) पर्यटन विभाग द्वारा

(2) परिवहन विभाग द्वारा
(3) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा
(4) ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा **(1)**

**व्याख्या**–



14 जनवरी 2023 को जल महल जयपुर में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया।
12 से 14 जनवरी 2023 को भीलवाड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

- **सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने 15 जनवरी 2023 से हर घर पंचायत अभियान का शुभारंभ कहाँ से किया?**

(1) निंबूरी, पाली (2) पूनखर, अलवर
(3) तारातरा, बाड़मेर (4) किठाना, झुंझुनू **(2)**

**व्याख्या**–



15 जनवरी 2023 को पूनखर गांव, अलवर से हर घर पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों से संवाद किया और बिजली, पानी, विद्युत, सड़क आदि समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

- **किस जिले के कैप्टन शुभम जैन को "चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड" से सम्मानित किया गया है।**

(1) झुंझुनू (2) अलवर
(3) सीकर (4) उदयपुर **(4)**

**व्याख्या**–




– भारतीय सेना दिवस (15 जनवरी) पर उदयपुर निवासी कैप्टन शुभम जैन को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
– यह अवार्ड उन्हें चीन बॉर्डर पर ड्यूटी में वीरता और बहादुरी के लिए दिया गया।

- **हाल ही में 16 जनवरी 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट में 9 नए न्यायाधीशों को नियुक्त किया है, जिससे राजस्थान में न्यायाधीशों की संख्या हो गई–**

(1) 26 (2) 35
(3) 39 (4) 45 **(2)**

Rai Publication Pvt. Ltd

व्याख्या–



Hon'ble The Chief Justice
Shri Pankaj Mithal

राजस्थान हाईकोर्ट के 40वें मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 9 नए जजों की मंजूरी दी है इनमें से 6 न्यायिक अधिकारी कोटे व 3 वकील कोटे से हैं।

न्यायिक अधिकारी कोटे से राजेन्द्र प्रकाश सोनी, अशोक कुमार जैन, योगेंद्र कुमार पुरोहित, भुवन गोयल, प्रवीण भटनागर, आशुतोष कुमार के नाम की मंजूरी दी गई है।

वकील कोटे से अनिल उपमन व नूपूर भाटी, गणेशाराम मीणा के नाम की मंजूरी दी गई है।

हाईकॉर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या 3 हो चुकी है, जिसमें शुभा महत्ता, रेखा बोराणा, नूपुर भाटी शामिल हैं।

❑ **राजस्थान के आईपीएस व बीएसएफ के पूर्व डीजी जिन्हें देश का उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है।**

(1) बीजू जार्ज जोसेफ (2) अशोक कुमार राठौड़
(3) पंकज कुमार सिंह (4) पुनीत रस्तोगी **(3)**

व्याख्या–




- राजस्थान के आईपीएस तथा बीएसएफ के पूर्व डीजी पंकज कुमार सिंह को देश के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है।
- देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार–अजीत डोभाल

❑ **जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में कितने वर्ष बाद रणजी क्रिकेट मैच खेला गया है?**

(1) 11 वर्ष (2) 32 वर्ष
(3) 18 वर्ष (4) 77 वर्ष **(2)**

व्याख्या–



- जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में 32 वर्ष बाद रणजी क्रिकेट मैच खेला गया है।
- राजस्थान व छत्तीसगढ़ के बीच मैच की शुरूआत हुई।

❑ **राज्य सरकार ने राजस्थान क्रीड़ा परिषद में किसकी अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया है।**

(1) कृष्णा पूनिया (2) वीरेन्द्र पूनिया
(3) सतवीर चौधरी (4) अशोक चांदना **(1)**

**व्याख्या**–राज्य सरकार ने राजस्थान क्रीड़ा परिषद में विद्यायक कृष्णा पूनिया की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया है समिति के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी तथा युवा मामले व खेल विभाग के वित्तीय सलाहकार कोषाध्यक्ष होंगे।

- **कार्यकाल**- 3 वर्ष

❑ **अमेरिका के सिएटल में आयोजित 10वीं वार्षिक ग्लोबल वूमेन फेस्टिवल 2022 में राजस्थान की किस हस्ति को सम्मानित किया गया है?**

(1) रूमा देवी (2) स्वाति अग्रवाल
(3) मनीषा चाहर (4) राजकुमारी गुर्जर **(1)**

**व्याख्या**–



- अमेरिका के सिएटल में आयोजित 10 वीं वार्षिक ग्लोबल वूमन फेस्टिवल 2022 में बाड़मेर की अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर रूमा देवी को सम्मानित किया गया।
- महिला सशक्तिकरण की दिशा में विश्व स्तरीय कार्य करने पर संयुक्त राज्य अमेरिका के संस्थान एम्पावरिंग ओर से यह सम्मान दिया गया।

❑ **73वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बोटैनिकल गार्डन का शिलान्यास कहां किया?**

(1) माचिया सफारी पार्क, जोधपुर
(2) कैलाश सांखला स्मृति वन, जोधपुर
(3) कर्पूर चंद्र कुलिश स्मृति वन, जयपुर
(4) मरू राष्ट्रीय उद्यान, जैसलमेर **(2)**

**व्याख्या**–कैलाश सांखला स्मृति वन में वन विभाग की ओर से आयोजित 73वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 5 करोड़ के व्यय से बनने वाले बोटैनिकल गार्डन (वानस्पतिक उद्यान) तथा 2 करोड़ की लागत से बनने वाले लव-कुश वाटिका का शिलान्यास किया।

❑ **किस जिले में 'प्रकाश एक अभियान-सभी आयाम आओ चलें प्रकाश की ओर-पढे पढ़ाएं बच्चों को आगे बढ़ाएं' की शुरूआत की गई।**

(1) सिरोही (2) नागौर
(3) बांसवाड़ा (4) बीकानेर **(2)**

**व्याख्या**–नागौर जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में संचालित इस अभियान के तहत किसी कारणवश शिक्षा से वंचित व विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

❑ **भारत के किस एयरपोर्ट को विश्व स्तर पर 10 सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मध्यमवर्गीय एयरपोर्ट की सूची में शामिल किया है?**

(1) दिल्ली (2) हैदराबाद
(3) जयपुर (4) कोच्चि **(3)**

**व्याख्या**–ऑनटाइम परफारमेंस रिव्यू 2022 रिपोर्ट में जयपुर एयरपोर्ट को विश्व स्तर पर 9वें सर्वश्रेष्ठ मध्यमवर्गीय एयरपोर्ट के रूप में प्रदर्शित किया है।

- जयपुर के अलावा किसी भी भारतीय एयरपोर्ट को मध्यम एयरपोर्ट की श्रेणी में शीर्ष 10 में शामिल नहीं किया गया।
- जयपुर एयरपोर्ट पर वर्ष 2022 में 37506 फ्लाइट्स का संचालन हुआ।

- **जयपुर साहित्य महोत्सव में श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल अवार्ड से किसे सम्मानित किया जाएगा?**

(1) इरशाद कामिल (2) अर्पणा सेन
(3) के.सच्चिदानंद (4) डॉ.सुनीता घोघरा **(1)**

**व्याख्या–**



16वें जयपुर साहित्य महोत्सव की शुरुआत 19 जनवरी 2023 से हुई। इसमें श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल अवार्ड 2023 मशहूर गीतकार इरशाद कामिल को दिया जाएगा। इरशाद कामिल 'नादान परिंदे' , 'तुमसे ही दिन होता है', 'अगर तुम साथ हो' जैसे सुपरहिट गाने लिखने वाले मशहूर गीतकार है।

- इस वर्ष फेस्टिवल डेकोर की थीम 'उत्सव' रखी गई है।

- **दिव्यांगजनों को विभिन्न सुविधाएं और सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रथम कंपोजिट रीजनल सेंटर कहां स्थापित किया जाएगा?**

(1) खमनोर, राजसमंद (2) जामडोली, जयपुर
(3) करवड़, जोधपुर (4) रूपनगर, अजमेर **(2)**


**व्याख्या–**

- सेंटर के संचालन से राज्य के दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे, यहां दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग व उपकरण की सुविधा होगी।
- दिव्यांगजनों को फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी इत्यादि की सुविधाएं भी नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।
- 100 करोड़ रूपए की लागत से जयपुर में 4 सैटेलाइट अस्पताल बनाए जाएंगे।

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लिखी पुस्तक 'एग्जाम वारियर्स' का राज भवन, जयपुर में किसके द्वारा लोकार्पण किया गया?**

(1) अशोक गहलोत (2) कलराज मिश्र
(3) सीपी जोशी (4) गुलाबचंद कटारिया **(2)**

**व्याख्या–**



- राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी पुस्तक एग्जाम वारियर्स के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का राज भवन में लोकार्पण किया।
- राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा इस पुस्तक का भारत में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इसका विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

- **अंतराष्ट्रीय मानवधिकार दिवस पर राजस्थान की किस हस्ति को ग्लोबल यूथ हुमन राइट्स चैंपियन अवार्ड प्रदान किया गया?**

(1) डॉक्टर कीर्ति भारती (2) डॉ श्याम सुंदर ज्याणी
(3) निर्मला देवी (4) शगुन अग्रवाल **(1)**

Rai Publication Pvt. Ltd.

**व्याख्या–**



- अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर एकमात्र भारतीय 'डॉक्टर कीर्ति भारती' को ग्लोबल यूथ हुमन राइट्स चैंपियन अवार्ड प्रदान किया गया।
- डॉक्टर कीर्ति भारती को यह पुरस्कार बाल विवाह की कुप्रथा को मिटाने के लिए दिया गया।

❑ **हाल ही में किसने वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (AI-AQMS v1.0) के लिए तकनीक लॉन्च की है?**

(1) पीयूष गोयल (2) मनसुख एल.मंडाविया
(3) अश्विनी वैष्णव (4) अलकेश कुमार शर्मा **(4)**

**व्याख्या–**



- इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY) के सचिव अलकेश कुमार शर्मा ने वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (AI-AQMS v1.0) के लिए तकनीक लॉन्च की है।
- इसे सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) कोलकाता के सहयोग से कृषि और पर्यावरण में इलेक्ट्रॉनिक्स ICT और अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (AgriEnIcs) के तहत विकसित किया गया है।

❑ **प्रदेश के बाड़मेर-जैसलमेर के 486.39 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस का एक्सप्लोरेशन भारत सरकार की किस कंपनी के द्वारा किया जाएगा।**

(1) गेल इंडिया (2) ओएनजीसी
(3) वेदांता समूह (4) ऑयल इंडिया **(1)**

**व्याख्या–**




- प्रदेश के बाड़मेर-जैसलमेर के 486.39 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तेल और प्राकृतिक गैस का एक्सप्लोरेशन भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया द्वारा किया जाएगा, गेल इंडिया को 3 साल 9 माह के लिए ब्लॉक आवंटित किया गया है।
- गेल इंडिया को ओपन एक्रेज लाइसेंसिंग पॉलिसी के तहत सप्तम चक्र में यह ब्लॉक आवंटित किया गया है देश में ऑनलैंड क्षेत्र में खनिज उत्पादन में राजस्थान पहले स्थान पर है।
- वर्तमान में प्रदेश में ओएनजीसी और ऑयल इंडिया द्वारा बाड़मेर और जैसलमेर में पेट्रोलियम गैस का

Rai Publication Pvt. Ltd

उत्पादन किया जा रहा है, इसके लिए ONGC को 9 व ऑल इंडिया को 2 लाइसेंस दिए गए।

- **पूरी तरह से ई-गवर्नेंस मोड में शिफ्ट होने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?**

(1) पुडुचेरी (2) लक्ष्यद्वीप
(3) लद्दाख (4) जम्मू और कश्मीर **(4)**

**व्याख्या–**

- जम्मू और कश्मीर प्रशासन के डिजिटल तरीके को पूरी तरह से अपनाने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।
- जम्मू और कश्मीर में सभी सरकारी और प्रशासनिक सेवाएं वर्तमान में केवल डिजिटल रूप से प्रदान की जाती हैं।
- जम्मू-कश्मीर पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रणाली पर ध्यान देने के साथ ही देश भर में डिजिटल सरकार के एक मॉडल के रूप में भी उभर रहा है।

- **किस देश की प्रधानमंत्री जैसिंका अर्डर्न ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?**

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) न्यूजीलैंड
(3) स्विट्जरलैंड (4) पोलैंड **(2)**

**व्याख्या–**



- न्यूजीलैंड की पीएम जैसिंडा अर्डर्न ने इस्तीफा दे दिया है उन्होंने कहा कि वह इस साल के अंत में फिर से चुनाव नहीं लड़ेगी।
- अब उनकी पार्टी लेबर पार्टी के नए नेता के लिए मतदान करेगी।

- **ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स में भारत की रैंक क्या है?**

(1) पहली (2) दूसरी
(3) तीसरी (4) चौथी **(4)**

**व्याख्या–**

- **दुनिया की 5 सबसे शक्तिशाली सेना**

1. यूनाइटेड स्टेट्स
2. रूस
3. चीन
4. भारत
5. यूनाइटेड किंगडम

- डिफेंस स्टेटिक्स वेबसाइट ग्लोबल फायर पावर (GFP) ने हाल ही में सबसे ताकतवर देशों की लिस्ट जारी की है।
- इस इंडेक्स में छठवें स्थान पर दक्षिण कोरिया और सातवें स्थान पर पाकिस्तान की सेना है।
- इस इंडेक्स में अंतिम स्थान (145 वें स्थान) पर भूटान की सेना है।

- **किसने अपनी आत्मकथा 'ओरनवेशनंथिनते कथा' के लिए पहला फेडरल बैंक लिटरेरी अवार्ड 2022 जीता है?**

(1) किरण देसाई (2) नोवोनील चक्रवर्ती
(3) के.वेणु (4) शेखर बंद्योपाध्याय **(3)**

**व्याख्या**–यह फेडरल बैंक द्वारा गठित पहला साहित्यिक पुरस्कार है।

- **किसने LHS 475B नामक एक नए एक्सोप्लैनेट की खोज की है?**

राय® Publication Pvt. Ltd.

(1) NASA (2) ESA
(3) JAXA (4) Roscosmos **(1)**

**व्याख्या–**



- नासा ने जेम्स वेब टेलीस्कोप से LHS 475B नामक एक नए एक्सोप्लैनेट की खोज की है।
- यह ग्रह लगभग पृथ्वी के समान आकार का है जिसका व्यास पृथ्वी के 99% के बराबर है।
- यह पृथ्वी से दो मामलों में भिन्न है पहला यह कि यह केवल दो दिनों में एक परिक्रमा पूरा करता है और दूसरा यह पृथ्वी से सैकड़ों डिग्री अधिक गर्म है।

❑ **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ( NDRF ) स्थापना दिवस 2023 कब मनाया गया है?**

(1) 15 जनवरी (2) 12 जनवरी
(3) 10 जनवरी (4) 19 जनवरी **(4)**

**व्याख्या–**




- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF : National Disaster Response Force) ने 19 जनवरी 2023 को अपना 18वां स्थापना दिवस मनाया।
- यह दिन 2006 से मनाया जा रहा है जब आधिकारिक तौर पर NDRF का गठन किया गया था।
- इसने विभिन्न आपदाओं के दौरान जीवन और संपत्ति को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है महिलाएं भी इस बल का हिस्सा हैं।

❑ **सबसे कम उम्र में वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले क्रिकेटर कौन बने हैं?**

(1) शुभमन गिल (2) सूर्यकुमार यादव
(3) हार्दिक पांड्या (4) ईशान किशन **(1)**

**व्याख्या–**




- शुभमन गिल वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।
- 18 जनवरी 2023 को शुभमन गिल ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पहला दोहरा शतक बनाया हैं।

❑ **भारत ने किस देश के साथ 5वीं विदेश नीति और सुरक्षा वार्ता आयोजित की है?**

(1) दक्षिण कोरिया (2) जापान
(3) अमेरिका (4) ऑस्ट्रेलिया **(1)**

***व्याख्या–***

- भारत और दक्षिण कोरिया के बीच सियोल में 16–17 जनवरी 2023 को संवाद का आयोजन हुआ।
- भारत और दक्षिण कोरिया व्यापार और निवेश, सुरक्षा और रक्षा आदि क्षेत्रों में सहयोग का गहरा करने पर सहमत हुए है।

❑ **38वाँ सड़क सुरक्षा सप्ताह कब मनाया गया?**

(1) 11 से 17 जनवरी 2023
(2) 1 से 7 जनवरी 2023
(3) 6 से 13 जनवरी 2023
(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

❑ **विश्व आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन का 53वां संस्करण किस देश में शुरु हुआ?**

(1) नॉर्वे (2) स्विट्जरलैण्ड
(3) स्वीडन (4) भारत **(2)**

***व्याख्या***–*यह 16 जनवरी से 20 जनवरी 2023 तक दाबोस, स्विट्जरलैण्ड में आयोजित हुआ।*

*विश्व आर्थिक मंच (WEF) 2023 की बैठक की थीम को ऑपरेशन इन अ फ्रैग्मेण्टेड वर्ल्ड है।*

❑ **जी-20 के तहत् थिंक-20 बैठक 16 जनवरी, 2023 को किस शहर में हुई?**

(1) भोपाल (2) नई दिल्ली
(3) आगरा (4) पटना **(1)**

***व्याख्या–***




*बैठक में भारत के बुद्धिजीवियों और अधिकारियों के अलावा विभिन्न देशों के 94 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*

❑ **75वां भारतीय सेना दिवस कब मनाया गया?**

(1) 11 जनवरी 2023 (2) 12 जनवरी 2023
(3) 15 जनवरी 2023 (4) 16 जनवरी 2023 **(3)**

***व्याख्या***– *भारतीय सेना दिवस फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है।*

*इस वर्ष सेना दिवस के उपलक्ष्य में पहली बार दिल्ली के बाहर बेंगलुरु में परेड का आयोजन किया गया है।*

❑ **मार्शल द्वीप समूह गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

(1) विकास पुरोहित
(2) सिबी जॉर्ज
(3) अजय कुमार श्रीवास्तव
(4) संतोष कुमार यादव **(2)**

***व्याख्या–***



*वर्तमान में जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज को 16 जनवरी, 2023 को मार्शल द्वीप समूह गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में मान्यता दी गई है।*

❑ **वरुण नौसेना अभ्यास भारत और किस देश के बीच शुरू हुआ है?**

(1) फ्रांस (2) इंडोनेशिया
(3) जापान (4) आस्ट्रेलिया **(1)**

*व्याख्या– 16 जनवरी, 2023 को भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेनिक अभ्यास 'वरुण' का 21वां संस्करण पश्चिमी समुद्री तट पर शुरु हुआ। यह अभ्यास 16 से 20 जनवरी, 2023 तक 5 दिनों के लिए चलाया गया।*

*भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत वर्ष 1993 में की गई। इसे वर्ष 2001 में **वरुण** नाम दिया गया था।*

❑ **पीएम मोदी ने 8वीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, यह सिकंदराबाद और किस शहर के बीच चलेगी?**

(1) मुम्बई (2) नागपुर
(3) विखाशापट्टनम (4) भुवनेश्वर **(3)**

*व्याख्या–*



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी 2023 को पोंगल के मौके पर सिकंदराबाद को विशाखापट्टनम से जोड़ने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। यह 8वीं वंदे भारत एक्सप्रेस है, जो तेलंगाना के सिकंदराबाद और आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम के बीच लगभग 8 घंटे की दूरी तय करेगी।*

❑ **18 जनवरी 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा सह-प्रायोजित कौनसे संकल्प को अपनाया हैं?**

(1) योग पर संकल्प
(2) लोकतंत्र के लिए शिक्षा
(3) टीकों तक सबकी पहुँच
(4) उपयुक्त सभी **(2)**

**व्याख्या–**



भारत द्वारा सह–प्रायोजित प्रस्ताव लोकतंत्र की मजबूती के लिए शिक्षा के अधिकार की पुष्टि करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2015 में भी इसी तरह का एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें संयुक्त राष्ट्र की सभी संस्थाओं को शांति, मानवाधिकार और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

❑ **हाल ही में अमेरिकी नगर परिषद की सदस्य बनने वाली पहली अश्वेत समलैंगिक भारतीय मूल की महिला कौन हैं?**

(1) प्रमिला जयपाल
(2) अरुणा मिलर
(3) जनानी रामचंद्रन
(4) मनप्रीत मोनिका सिंह **(3)**

**व्याख्या–**



राय® Publication Pvt. Ltd.

रामचंद्रन वर्तमान में कैलिफोर्निया कमीशन में कार्यरत हैं, जहां वह एशियन एंड पैसिफिक आइसलेंडर अमेरिकन अफेयर्स विभाग में काम करती हैं। इससे पहले वह ऑकलैंड सिटी पब्लिक एथिक्स कमीशन में कमिश्नर के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्होंने स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी और कई कानूनी गैर-लाभकारी संस्थाओं में काम किया है।

❑ **अंतराष्ट्रीय पर्यटन मेला '<u>FITUR 2023</u>' के कौनसे संस्करण का आयोजन 18 से 22 जनवरी 2023 तक मैड्रिड में किया जा गया?**

(1) 40वां (2) 41वां
(3) 42वां (4) 43वां **(4)**

**व्याख्या–**




यह दुनिया की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रदर्शनियों में से एक है। पर्यटन मंत्रालय, FITUR में भाग ले रहा है, जिससे देश में आने वाले पर्यटन को महामारी के पहले के स्तर पर लाया जा सकता है।

❑ **हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार किस देश की आबादी में वर्ष 1961 के बाद पहली बार बढ़ी गिरावट दर्ज की गई हैं?**

(1) ब्राजील (2) चीन
(3) भारत (4) अमेरिका **(2)**

**व्याख्या–** संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या संभावना 2022 के पूर्वानुमान के अनुसार भारत वर्ष 2023 तक 140 करोड़ की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़कर विश्व में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा।

– भारत की जनसंख्या के वर्ष 2030 तक 150 करोड़ और वर्ष 2050 तक 166 करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है।

❑ **<u>वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस (WSC)</u> के 14वें संस्करण का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2023 को कहाँ किया गया?**

(1) नई दिल्ली (2) मुम्बई
(3) जयपुर (4) लखनऊ **(2)**

**व्याख्या–**





भारतीय मसालों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के नये अवसरों को खोलने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। WSC 2023 का विषय विजन 2030 है : <u>एस-पी-आई-सी-ई.एस (स्थिरता, उत्पादकता, नवाचार, सहयोग, उत्कृष्टता और सुरक्षा)</u>

❑ **हाल ही में चर्चा में रही 'India : The Modi Question" डॉक्यूमेंट्री, किसके द्वारा जारी की गई?**

(1) इंडिया टुडे (2) बीबीसी
(3) न्यूयार्क टाइम्स (4) टाइम्स ऑफ इंडिया **(2)**

**व्याख्या–**




Publication Pvt. Ltd.

ब्रिटेन के राष्ट्रीय प्रसारक बीबीसी ने 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' नामक एक डॉक्यूमेंटी-सीरीज जारी की, जिसका पहला एपिसोड 17 जनवरी को प्रसारित किया गया था और 18 जनवरी को यूट्यूब से हटा दिया गया था। शृंखला का दूसरा भाग 24 जनवरी को प्रसारित होगा।

❑ **8वें 'विज्ञानिका-विज्ञान साहित्य महोत्सव-2023' का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) पटना (2) लखनऊ
(3) भोपाल (4) रांची **(3)**

**व्याख्या–** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) द्वारा विज्ञानिका नाम से एक विज्ञान साहित्य महोत्सव, 22 और 23 जनवरी, 2023 को मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) भोपाल के यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) विभाग आयोजित किया गया। वार्षिक भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव, जो इस बार अपने आईआईएसएफ का लक्ष्य जनता को विज्ञान से जोड़ना और यह दिखाना है कि कैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए समाधान प्रदान करते हैं।

❑ **पर्यावरण मंत्रालय द्वारा हाल ही में 'नीलकुरिंजी' को संरक्षित पौधों की सूची में शामिल किया, यह भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र से संबंधित हैं?**

(1) पूर्वी घाट (2) पूर्वोत्तर भारत
(3) पश्चिमी घाट (4) शिवालिक हिमालय **(3)**

**व्याख्या–**



नीरकुरिंजी एक मानोकार्पिक पौधा है। एक बार फूल आने के बाद इसका पौधा खत्म हो जाता है फिर नये बीज के पनपने के लिये और उसमें फूल आने के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ता है। इसका रंग नीला होने के कारण इस क्षेत्र के पहाड़ों को नीलगिरी कहते है।

❑ **'जल्लीकट्टू-2023' जिसे मट्टू पोंगल भी कहते हैं, हाल ही में कहाँ शुरू हुआ हैं?**

(1) गोवा (2) केरल
(3) महाराष्ट्र (4) तमिलनाडु **(4)**

**व्याख्या–**



तमिलनाडु स्थित मदुरै के अवनियापुरम गांव में 15 जनवरी से जल्लीकट्टू 2023 का आयोजन हुआ। 16 जनवरी 2023 को पलमेडु में तथा 17 जनवरी 2023 को अलंगनाल्लुर में जल्लीकट्टू खेला गया।

जल्लीकट्टू के खेल में 1 सांड को भीड़ के बीच छोड़ दिया जाता है। वहाँ मौजूद खिलाड़ी अधिक से अधिक समय तक सांड के कूबड़ को पकड़कर उसको काबू में करने की कोशिश करते है।

❑ **राजस्थान और पंजाब के बाद किस राज्य ने हाल ही में सरकारी कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन योजना (OPS) बहाल की है?**

(1) हिमाचल प्रदेश (2) उत्तरप्रदेश
(3) गोवा (4) मध्यप्रदेश **(1)**

**व्याख्या–** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (OPS) को बहाल करने का फैसला किया, जो पहले राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के तहत् कवर किए गए थे। इससे पहले छत्तीसगढ़, राजस्थान

Rai Publication Pvt. Ltd.

और पंजाब ने भी पुरानी पेंशन योजना (OPS) शुरू की है। इस निर्णय से राज्य के 1.36 लाख से अधिक NPS कर्मचारियों को लाभ होगा।

❑ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश के किस जिले मे '<u>सांसद खेल महाकुंभ 2022-23</u>' के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया हैं?**

(1) लखनऊ (2) बस्ती
(3) गोरखपुर (4) प्रयागराज **(2)**

**व्याख्या–**




इसका उद्घाटन बस्ती जिले के शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। इन खेलों का आयोजन वर्ष 2021 से किया जा रहा है। सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 का आयोजन दो चरणों में किया गया।

**पहला चरण–** 10 से 16 दिसम्बर 2022 तक।

**दूसरा चरण–** 18 से 28 जनवरी 2023 तक।

❑ **21 जनवरी 2023 को निम्न में से किस राज्य का 47वां राज्यत्व दिवस मनाया गया?**

(1) त्रिपुरा (2) मणिपुर
(3) मेघालय (4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**व्याख्या–** त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय को 21 जनवरी, 1972 को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था।

❑ **किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश ने केंद्र को '<u>पलायन अल्पसंख्यक</u>' का दर्जा देने का सुझाव दिया है?**

(1) दिल्ली (2) राजस्थान
(3) उत्तरप्रदेश (4) हरियाणा **(1)**

**व्याख्या–**

दिल्ली सरकार ने सुझाव दिया कि हिन्दू धर्म के मानने वालों को दिल्ली में अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त नहीं है, लेकिन हिन्दू धर्म के ऐसे लोग हैं, जो जम्मू कश्मीर और लद्दाख जैसे राज्यों से पलायन कर दिल्ली में रह रहे है, उनको केंद्र सरकार 'प्रवासी अल्पसंख्यक' का दर्जा दे सकती है।

❑ **हाल ही में एकदिवसीय <u>इंडिया कोल्ड चेन कॉन्क्लेव</u> आयोजन कहाँ किया गया है?**

(1) नई दिल्ली (2) जयपुर
(3) लखनऊ (4) मुम्बई **(1)**

**व्याख्या–**




कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और नेशनल सेंटर फॉर कोल्ड चेन डेवलपमेंट के सहयोग से 19 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में इंडिया कोल्ड चेन कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी का उद्घाटन कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव श्री मनोज आहूजा ने किया।

**कॉन्क्लेव का उद्देश्य–**

- सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर एक साथ लाना
- उद्योग को स्थायी तरीके से विकसित करना
- फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने के तरीकों का पता लगाना

❑ **गूगल ने किस देश में हाल ही में UPI भुगतान के लिये साउंडपोड बाय गूगल पे का परीक्षण किया है?**

(1) भारत (2) इंग्लैण्ड
(3) इंडानेशिया (4) न्यूजीलैण्ड **(1)**

**व्याख्या–**




गूगल भारत के बाजार के लिए एक साउंडबॉक्स पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। पेटीएम या फोनपे के समान जो आप दुकान पर देखते हैं जो किए गए डिजिटल भुगतान पर ध्वनि चेतावनी देता है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित भुगतानों के लिए विक्रेताओं को पुष्टिकरण के लिए सचेत करने के लिए गूगल देश में अपने स्वयं के साउंडबॉक्स का संचालन कर रहा है। कंपनी ने इन्हें साउंडपॉड बाय गूगल पे नाम से ब्रांड किया है।

❑ **कौनसा देश अपने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर जवाहर लाल नेहरू के चित्र वाला डाक टिकट जारी करेगा?**

(1) भारत (2) श्रीलंका
(3) जापान (4) पाकिस्तान **(2)**

❑ **भारत ने हाल ही किस देश को '<u>पेंटा वेलेंट टीके</u>' दान करने की घोषणा की है?**

(1) जापान (2) चीन
(3) क्यूबा (4) पाकिस्तान **(3)**

❑ **हाल ही में किस बैंक ने फीक्स डीपोजिट के एवज में क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है?**

(1) पीएनबी (2) आईसीआईसीआई
(3) एसबीआई (4) एक्सिस बैंक **(1)**

**व्याख्या–**




फिक्स्ड डिपॉजिट (Fixed Deposit) के बदले कोई भी क्रेडिट कार्ड बनवा सकता है। अब पंजाब नेशनल बैंक ग्राहकों को एफडी के बदले क्रेडिट कार्ड की सुविधा दे रही है। इस सुविधा में ग्राहकों को 80 क्रेडिट लिमिट मुहैया कराई जाएगी। बैंक एफडी पर वीजा (Visa) या रुपे (RuPay) क्रेडिट कार्ड ऑफर कर रहा है। पीएनबी डिजिटल रूप से एफडी पर क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने वाला पहला पब्लिक सेक्टर का बैंक बन गया है।

❑ **हाल ही में भारत और कौनसा देश '<u>मैत्री पाइप लाइन डीजल</u>' की आपूर्ति करेगा?**

(1) बांग्लादेश (2) चीन
(3) इंडोनेशिया (4) अमेरिका **(1)**

**व्याख्या–**



भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन-आईबीएफपीएल जून 2023 से परीक्षण आधार पर बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति शुरू करेगा।

- भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन समारोह का आयोजन सितम्बर-2018 में वीडियो कांफ्रेस के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच किया गया था। इस पाइपलाइन की प्रतिवर्ष डीजल आपूर्ति क्षमता दस लाख मीट्रिक टन है। इस परियोजना का निर्माण भारत सरकार के अनुदान से किया जा रहा है।

❑ **हाल ही में दुनिया का सबसे मूल्यवान ब्रांड कौनसा बना है?**

(1) Amazon (2) Zomato
(3) Flipkart (4) Swiggy **(1)**

**व्याख्या–** Amazon ने दुनिया के शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान ब्रांडों की हालिया सूची में Apple को पीछे छोड़ दिया है। 299.3 बिलियन ब्रांड मूल्य के साथ Amazon ने Apple ब्रांड मूल्य को पीछे छोड़ दिया जो 297.5 बिलियन ब्रांड मूल्य के साथ है।

❑ **किस देश ने हाल ही में वर्ष 2030 तक सेना को आधा करने की योजना बनाई है?**

(1) अमेरिका (2) जापान
(3) भारत (4) श्रीलंका **(4)**

❑ **हाल ही में वर्ल्ड बैंक ने किस देश को दक्षिण एशिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था घोषित किया है?**

(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) जापान (4) इंग्लैण्ड **(2)**

**व्याख्या–**




विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दक्षिण एशिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था करार दिया है। विश्व बैंक की ग्लोबल इकॉनमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर केवल 1.7% रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान दक्षिण एशिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था है। देश को गरीबी से बाहर निकालने के लिए भी पाकिस्तान को परेशानियों का सामना करना होगा।

❑ **पूरे भारत में राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस कब मनाया गया?**

(1) 13 जनवरी 2023 को (2) 17 जनवरी 2023 को
(3) 16 जनवरी 2023 को (4) 21 जनवरी 2023 को **(3)**

**व्याख्या–** इस वर्ष 10 जनवरी 2023 से 16 जनवरी 2023 को स्टार्टअप इंडिया नवोन्मेषण सप्ताह भी मनाया गया। पीएम मोदी द्वारा वर्ष 2016 में लाल किले की प्राचीर से 'स्टार्टअप इंडिया' की शुरुआत की घोषणा की गई थी। उस समय स्टार्टअप को 'नए भारत' की रीढ़ बताते हुए, पीएम मोदी ने इस दिन को आधिकारिक रूप से अपनाने की घोषणा की थी।

❑ **कलवरी श्रेणी की पाँचवीं पनडुब्बी भारतीय नौसेना में कब शामिल होगी?**

(1) 23 जनवरी 2023 को (2) 21 जनवरी 2023 को
(3) 23 फरवरी 2023 को (4) 21 फरवरी 2023 को **(1)**

**व्याख्या–**



कलवरी श्रेणी की पाँचवी पनडुब्बी वागीर 23 जनवरी 2023 को इंडियन नेवी में शामिल हो जाएगी। कलवरी श्रेणी की चार पनडुब्बियों को पहले ही नौसेना में शामिल किया जा चुका है।

राय® Publication Pvt. Ltd.